बिहार सरकार,
कृषि विभाग।

पत्रांक–16विनि०–03/2019 – 303 /कृ०, पटना, दिनांक 09/03/2019
प्रेषक,

रवीन्द्र नाथ राय,
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।
(*) द्वारा : वित्त विभाग, बिहार, पटना।

(*) अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

विषय :– **राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 कुल 02 (दो) वर्षो में कृषि उत्पादन बाजार समिति (वि०), बेतिया (प० चम्पारण) में चहारदिवारी, मुख्य द्वार, नाला, सड़क एवं अन्य जीर्णोद्धार/निर्माण हेतु कुल 1431.00 लाख (चौदह करोड़ एकतीस लाख) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अधीन चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में 429.30 लाख (चार करोड़ उनतीस लाख तीस हजार) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश :– **स्वीकृत ।**

राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 कुल 02 (दो) वर्षो में कृषि उत्पादन बाजार समिति (वि०), बेतिया (प० चम्पारण) में चहारदिवारी, मुख्य द्वार, नाला, सड़क एवं अन्य जीर्णोद्धार/निर्माण हेतु कुल 1431.00 लाख (चौदह करोड़ एकतीस लाख) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अधीन चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में 429.30 लाख (चार करोड़ उनतीस लाख तीस हजार) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. कृषि उत्पादन बाजार समिति (वि०), बेतिया के जीर्णोद्धार/निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 में 429.30 लाख (चार करोड़ उनतीस लाख तीस हजार) रूपये एवं वर्ष 2019–20 में 1001.70 (दस करोड़ एक लाख सत्तर हजार) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वित करायी जायेगी।

3. इस योजना का उद्देश्य कृषि बाजार समिति के प्रांगण में कृषकों द्वारा उत्पादित फसल उपज को लाभकारी मूल्य प्राप्ति हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना है एवं बाजार समिति प्रांगण को विकसित किया जायेगा। इससे किसानों को बाजार समिति के प्रांगण में फसल उपज लाने, भंडारित करने एवं बेचने में सुविधा प्राप्त होगी। तकनीकी अनुमोदन प्राप्त प्राक्कलन (अनुसूची–1) अनुरूप राशि 1431.00 लाख (चौदह करोड़ एकतीस लाख) रूपये पर ही प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है। तद्नुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 में योजना का कार्यान्वयन कराया जायेगा।

4. बाज़ार समिति परिसर अवस्थित चहारदिवारी, पक्का नाला, सड़क एवं ब्रांच सड़क, मेन गेट एवं गार्ड रूम, ट्यूब वेल, हाईमास्ट लाईट एवं विद्युतीकरण, शौचालय एवं गड़्ढ़ा मिट्टी भराई से संबंधित जीर्णोद्धार/निर्माण कार्य योजना की कार्यान्वयन हेतु 1431.00 लाख (चौदह करोड़ एकतीस लाख) रूपये की तकनीकी अनुमोदन पत्रांक–126 (अनु) दिनांक–18.02.2019 को प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा प्रदान की गई है। कार्य योजना का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | किये जाने वाले कार्यों का विवरण | स्वीकृत राशि (लाख रू०) |
|---|---|---|
| 1 | construction of Boundary wall<br>(North, East, South, West Length : 2528 m) | **331.930** |
| 2 | Construction of R.C.C. Drain<br>(Length : 1176 meter) | **183.75** |
| 3 | **(a.)** Construction of Road Work | 256.28 |
| | **(b.)** Branch Road Work | 303.68 |
| | **Total (a+b) :-** | **559.96** |
| 4 | Construction of main gate & guard room | **8.89** |
| 5 | Estimate for Tube-Well (3 nos.) | **6.81** |

| क्रमांक | किये जाने वाले कार्यों का विवरण | स्वीकृत राशि (लाख रू०) |
|---|---|---|
| 6 | Provision of Three nos. of high mast including 12 nos. Flood light with 20 meter pole height, provision of single and double Arm street light LED i.e, (65nos. And 50 nos.), 8 meter pole height with accessories in whole campus of Bazar Samiti | **101.29** |
| 7 | Construction of Sauchalya including Septic Tank and water supply | **51.48** |
| 8 | Filling of Ditches | **99.79** |
| | **Total :-** | **1343.90** |
| | Centage :- | 87.20 |
| | **Grand Total :-** | **1431.10** |
| | **Says :-** | **1431.00** |

5. इस योजना के निर्माण कार्य का अनुमंडल पदाधिकारी–सह–विशेष पदाधिकारी, कृषि उत्पादन बाजार समिति (वि०), बेतिया द्वारा नियमित रूप से अनुश्रवण किया जायेगा तथा समय–समय पर जिला पदाधिकारी, प० चम्पारण, बेतिया द्वारा भी निरीक्षण किया जायेगा। इस योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी प्रशासक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित), पटना होंगे। इस कार्य को बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा।

6. स्वीकृत राशि की निकासी पटना समाहरणालय के कोषागार से संयुक्त निदेशक (शष्य), पटना प्रमंडल, पटना द्वारा की जायगी एवं ड्राफ्ट के माध्यम से प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को राशि उपलब्ध करायी जायगी। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा राशि के व्यय के उपरांत उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार एवं कृषि विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

7. वित्तीय वर्ष 2018–19 में बजट शीर्ष एवं बजट उपबंध निम्न प्रकार है, (राशि लाख रुपये में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय मांग संख्या–03, उप मुख्य शीर्ष 01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–051– निर्माण, उपशीर्ष–0119–कृषि कार्यालय भवन, विपत्र कोड 03–4059010510119 विषय शीर्ष 0119.53.01 मुख्य निर्माण कार्य | 5810.00 | 356.3190 |
| मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय मांग संख्या–03, उप मुख्य शीर्ष 01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष– 0102–कृषि कार्यालय भवन, विपत्र कोड 03–4059017890102 विषय शीर्ष 0102.53.01 मुख्य निर्माण कार्य | 1120.00 | 68.6880 |
| मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, मांग संख्या–03, उप मुख्य शीर्ष 01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–796– जनजाति क्षेत्र उप योजना, उपशीर्ष–0105–कृषि कार्यालय भवन, विपत्र कोड 03–4059017960105 विषय शीर्ष 0105.53.01 मुख्य निर्माण कार्य | 70.00 | 4.2930 |
| कुल योग :– | **7000.00** | **429.3000** |

8. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक 31.05.2017 में निहित प्रावधान के आलोक में योजना की स्वीकृति में विभागीय स्थायी वित्त समिति का अनुमोदन दिनांक–01.03.2019 को प्राप्त है। योजना के कार्यान्वयन में माननीय मंत्री, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या–16विनि०–03/2019 के पृष्ठ सं०–11/टि० पर दिनांक–07.03.2019 को प्राप्त है।

9. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं हैं।

10. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–16विनि०–03/2019 के पृष्ठ सं०–12/टि० पर दिनांक–09.03.2019 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–74, दिनांक–09.03.2019 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
9.3.19

(रवीन्द्र नाथ राय)
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

Development Bazar Samiti Bettiah (Mithilesh)

ज्ञापांक–16विनि०–03/2019 – 303 /कृ०, पटना, दिनांक 09/03/ 2019

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rohindev 9.3.19

**विशेष सचिव,**
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–03/2019 – 303 /कृ०, पटना, दिनांक 09/03/ 2019

प्रतिलिपि :– योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rohindev 9.3.19

**विशेष सचिव,**
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–03/2019 – 303 /कृ०, पटना, दिनांक 09/03/ 2019

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, समाहरणालय कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rohindev 9.3.19

**विशेष सचिव,**
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–03/2019 – 303 /कृ०, पटना, दिनांक 09/03/ 2019

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, कृषि के आप्त सचिव/ कृषि उत्पादन आयुक्त के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/ कृषि निदेशक, बिहार, पटना/ निदेशक पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/ प्रशासक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (वि०), पंत भवन, बेली रोड, पटना/ आंतरिक वित्तीय सलाहकार, कृषि विभाग/ प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर/ जिला पदाधिकारी, बेतिया (प० चम्पारण)/ संयुक्त कृषि निदेशक, तिरहूत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/ संयुक्त निदेशक (शष्य) पटना प्रमंडल, पटना/ जिला कृषि पदाधिकारी, प० चम्पारण बेतिया/ अनुमंडल पदाधिकारी–सह–विशेष पदाधिकारी, कृषि उत्पादन बाजार समिति (वि०), बेतिया/ सभी संबंधित पदाधिकारीगण/ योजना शाखा/ बजट पदाधिकारी, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

Rohindev 9.3.19

**विशेष सचिव,**
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–03/2019 – 303 /कृ०, पटना, दिनांक 09/03/ 2019

प्रतिलिपि :– उप कृषि निदेशक (सूचना), कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित पदाधिकारी को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

Rohindev 9.3.19

**विशेष सचिव,**
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

Development Bazar Samiti Bettiah (Mithilesh)